## खबर संक्षेप

### नरवाई जलाने पर जुर्माने की होगी कार्यवाही

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा प्रचार रथ के माध्यम से नरवाई न जलाने हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगो को बताया जा रहा है कि नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, इससे मिट्टी की उर्वरता घटती है और लाभकारी कीटाणु नष्ट होते हैं। प्रचार वाहन के माध्यम से लोगो को नरवाई प्रबंधक के उपाय जैसे किसान भाई कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ अनिवार्य रूप से स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) अथवा भूसा मशीन (स्ट्रा रीपर) का प्रयोग करें, जिससे नरवाई जलेगी नहीं, जीवांश खाद में बदलेगी, नरवाई के समुचित प्रबंधन के लिए किसान भाई भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा विकसित पूसा डिकम्पोजर का प्रयोग करें, नरवाई युक्त, खेत में जायद फसल बीने हेतु हेप्पी सीडर से सीधी बुआई करें अथवा रोटावेटर चलाकर सामान्य सीड ड्रिल से बुआई कर सकते हैं, नरवाई प्रबंधन में सहायक अन्य कृषि यंत्र जैसे मल्वर, रीपर कम्बाईडर, सुपर सीडर, आदि का उपयोग करने एवं नरवाई में आग लगाने से होने वाले नुकसान व नरवाई जलाने पर जुर्माने की कार्यवाही संबंधित अन्य जानकारिया प्रदान की जा रही है।

### सभी हितग्राही ई-केवायसी की कार्यवाही 15 मई तक करा लें पूर्ण

**शहडोल।** राष्ट्रीय खाद्य, सुरक्षा अधिनियम के पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी की कार्यवाही 15 मई तक विशेष अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश शासन द्वारा दिये गये हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले में सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी की कार्यवाही 15 मई तक पूर्ण की जानी हैं। समय-सीमा में सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी न होने पर हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। ई-केवायसी के लिये संबंधित हितग्राही अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकान संचालक से सम्पर्क कर सकते है। उन्होने बताया कि बच्चों, वृद्धजनों तथा ऐसे लोगों जिनके फिंगर प्रिंट पीओएस मशीन में स्कैन नहीं होते है, उनके लिये भी सभी विक्रेताओं के पास मोबाइल पर फेस अथेंटीफिकेशन एप के माध्यम से ई-केवायसी की व्यवस्था की गई है।

### नदी किनारे खून से लथपथ मिला युवक का शव

**मानपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की सुबह खिचकिड़ी वार्ड क्रमांक 14 स्थित चतुर्भुज मंदिर के पीछे सोन नदी घाट की झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का खून से सना शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने जब झाड़ियों में शव देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच प्रारंभ की। शव की स्थिति अत्यंत भयावह थी, जिससे प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि युवक की हत्या किसी धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है। युवक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे और घटनास्थल पर खून के धब्बे फैले हुए थे, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या उसी स्थान पर की गई होगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है, जिससे जांच की दिशा और भी जटिल हो गई है। युवक की आयु लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। आस-पास के थानों को भी युवक की पहचान के लिए सूचना प्रेषित कर दी गई है और गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन तफ्तीश में जुटी हुई है। मौके से कोई ठोस सुराग बरामद नहीं हुआ है, लेकिन घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच की जा रही है ताकि अपराध से जुड़ी कोई अहम कड़ी हाथ लग सके। स्थानीय निवासियों से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आसपास किसी संदिग्ध व्यक्ति की आवाजाही तो नहीं देखी गई थी। इस निर्मम हत्या की घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

# पुलिस पोर्टल में न एफआईआर दिखती न बड़े अपराध दर्ज होते

## कच्ची शराब तक सीमित है संधारण, खबर नहीं ले रहे बड़े अफसर

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

पुलिस विभाग की कार्रवाइयों में पारदर्शिता लाने और उसे जन जन के अवलोकन के लिए सुविधा से उपलब्ध कराने शासन ने ऑन लाइन पुलिस सिटिजन पोर्टल की व्यवस्था कराई थी, जिसमें पुलिस कर्मियों को रोज रोज के घटित अपराधों व एफआईआर को दर्ज करना अनिवार्य किया गया है, लेकिन संभाग के किसी भी थाने में नियमित रूप से पोर्टल का संधारण नहीं किया जा रहा है। जिससे ऑन लाइन यह जानकारी नहीं मिलती है कि कब कौन सा अपराध दर्ज हुआ है। पोर्टल में अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब जप्त करने के मामले ही दर्ज किए जाते हैं। वह भी चार-छह लीटर से अधिक नहीं होते हैं। पुलिस का पोर्टल शासकीय आंकड़ों की जानकारी देने वाला पोर्टल नहीं बल्कि पुलिस की स्वेच्छा का पोर्टल बन चुका है। पुलिस कर्मी जो संधारित करना चाहते हैं वह संधारित करते हैं जो उन्हे अपने अनुकूल नहीं लगता उसे संधारित करना उचित नहीं समझते हैं। थानों के पिछले कुछ माह के पोर्टल देखे जा सकते हैं, बड़ी घटनाएं बहुत कम ही दर्ज की गई हैं। इस रवैये के कारण पुलिस का यह पोर्टल भरोसेमंद नहीं रह गया है।




### पोर्टल सुविधा व्यर्थ हो रही

शासन ने पुलिस के रिकार्ड को सार्वजनिक करने के लिए पोर्टल सुविधा शरू की थी लेकिन पुलिस कर्मियों की स्वेच्छाचारिता के कारण यह सुविधा व्यर्थ होती जा रही है। पोर्टल में नाममात्र की घटनाएं दर्ज की जाती हैं, कभी कभी तो पोर्टल संधारण निरंक दर्शाया जाता है, अगर आम आदमी संभाग के किसी थाने में किसी दिन की कोई खास घटना देखना चाहे तो उसे शायद ही उसका कोई हवाला मिल सकेगा। इस स्थिति में पोर्टल के औचित्य पर सवालिया निशान ही लग रहा है। पुलिस स्वयं ऑन लाइन अपडेट नहीं रहना चाहती है और वह आम आदमी को भी यह सुविधा नहीं देना चाहती है कि कोई कहीं से भी एक क्लिक करके किसी थाने की घटना का व्यौरा देख सके।

### अधिकारी भी उदासीनता बरत रहे

पोर्टल के जरूरी मामले में भी पुलिस कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं, लेकिन विभाग के बड़े अफसर भी पोर्टल की दशा का अवलोकन करना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। अधिकारियों द्वारा थानों का मौका मुआयना किया जाता है, लेकिन उस मुआयने में या तो पोर्टल देखना जरूरी नहीं समझा जाता या फिर उसी आधे अधूरे पोर्टल को देखकर अधिकारी संतुष्ट हो जाते हैं, इससे लापरवाह पुलिस कर्मियों के हौसले बुलंद रहते हैं। विभाग के बड़े अधिकारी भी विभाग की जानकारी और संधारण को सार्वजनिक करना शायद जरूरी नहीं समझते हैं। यह शासन और विभागीय ढांचे की सोच में फर्क को दर्शाता है। शासन पोर्टल के जरिए भ्रष्टाचार में भी अंकुश लगाना चाहता है जो कि कर्मचारियों को रास नहीं आ रहा है।

### शासकीय व्यय बेकार हो रहा

पुलिस कर्मियों की लापरवाही से चूंकि नियमित रूप से पोर्टल का संधारण नहीं हो रहा है और जानकारियों का लाभ जनमानस को नहीं मिल पा रहा है इसलिए शासन का पोर्टल सुविधा पर होने वाला व्यय बेकार जा रहा है। केवल जनता ही नहीं पीएचक्यू भोपाल के किसी अधिकारी को भी सीधे जानकारी नहीं मिल सकती है। कम से कम इस दृष्टि से तो रोजाना संधारण किया ही जाना चाहिए। लेकिन पुलिस कर्मियों की नजर में पोर्टल की शायद कोई अहमियत ही नहीं है। जो कि शासन की एक जनहितैषी योजना थी। लेकिन पुलिस कर्मियों की मनमानी शासन की योजना में सरेआम पलीता लगा रही है, एडीजीपी भी इस मामले में गंभीरता नहीं बरत रहे हैं। जबकि बैठकों में कई तरह के निर्देश दिए जाते हैं लेकिन पोर्टल का पहलू अछूता ही रह जाता है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, एक की मौत

**शहडोल।** जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के शिव शक्ति आश्रम के पास एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया, जिसमें एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। इस दुर्घटना में 28 वर्षीय राजेश साकेत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, राजेश साकेत अपने एक साथी के साथ ब्यौहारी से रमपुरवा एक बारात में जा रहा था। जब वे शिव शक्ति आश्रम के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में राजेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। देवलौंद थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि घायल युवक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और अज्ञात वाहन की पहचान के लिए जांच जारी है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई और हालात का जायजा लिया। हादसे को लेकर क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय निवासी विमल यादव ने कहा, यह बहुत दुखद घटना है। इस तरह सडक़ पर तेज रफ्तार वाहन चलाना बेहद खतरनाक है। प्रशासन को इस पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। यह इलाका पहले भी तेज रफ्तार वाहनों की वजह से कई हादसों का गवाह बन चुका है। स्थानीय लोग लगातार इस समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान दिला रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।राजेश साकेत के परिजनों ने बताया कि वह रमपुरवा बारात में शामिल होने जा रहा था। दूल्हे की गाड़ी आगे निकल चुकी थी और बरातियों की बस पीछे थी। हमने उसे कई बार रोकने की कोशिश की, लेकिन वह अपने एक साथी के साथ बाइक से ही रवाना हो गया। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे के बाद पूरी बारात का माहौल गमगीन हो गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शुक्रवार को पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कुलपति के कक्ष से नदारद राष्ट्रपिता सहित महापुरूष

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. रामशंकर के कक्ष में राष्ट्रपिता सहित महापुरूषों की तस्वीरें मुख्य स्थान से गायब कर दी गई हैं, हालाकि वर्तमान राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री आदि के छायाचित्र लगाये गये हैं, वहीं राष्ट्रपिता और महात्मा गांधी से लेकर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर से लेकर विवेकानंद जैसे राष्ट्रनिर्माताओं की तस्वीरें मुख्य स्थान से हटा दी गई है, इस मामले की चर्चा पूरे महाविद्यालय और प्रशासनिक गलियारों में हो रही है। यही नहीं सरदार वल्लभ भाई पटेल और मौलाना अब्दुल कलाम की भी तस्वीरे नहीं लगाई गई है, समय-समय पर कुलपति डॉ. रामशंकर के ऊपर विशेष राजनैतिक दल का तरजीह देने के आरोप भी लगते रहे हैं, इन नये आरोपों के बाद एक बार फिर कुलपति सवालों के घेरे में खड़े नजर आ रहे हैं।



### वर्षो पुराने हैं सामान्य प्रशासन के आदेश

मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा प्रदेश के समस्त शासकीय विभागों जिसमें संभागायुक्त से लेकर कलेक्टर और अन्य शासकीय उपक्रमों में राष्ट्रीय नेताओं तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ ही वर्तमान राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व महापुरूषों में सरदार वल्लभ भाई पटेल, पं. जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद, डॉ. भीमराव अम्बेडकर और बाद में स्वामी विवेकानंद के चित्र लगाने के निर्देश जारी किये गये थे। बावजूद इसके महापुरूषों और राष्ट्रपिता के छायाचित्रों का न लगना अपने आप में कई सवालों को खड़ा करता है।

# मनोहर बीड़ी के नाम पर मोहर और नकली मनोहर की बिक्री










हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

खाद्य एवं औषधि विभाग को सरकार ने बाजार में बिक रहे नकली खाद्य सामग्री की जांच और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है, लेकिन विभाग सिर्फ त्यौहारों पर ही नजर आता है, अलबत्ता व्यापारियों के पास तिमाही या मासिक तारीख पर खाद्य विभाग के जिम्मेदार जरूर पहुंच जाते हैं। बाजार में इन दिनों नकली खाद्य सामग्री के साथ ही मनोहर बीड़ी का नकली उत्पाद और उससे मिले जुले नाम की वैसी ही पैकिंग की मोहर बीड़ी बड़े पैमाने पर बिक रही है, इस मामले में जहां मनोहर बीड़ी के प्रबंधन को आर्थिक नुकसान हो रहा है, वहीं उनके ख्याति पर भी घटिया उत्पाद पलीता लगा रहे हैं। शासन को भी चोरी छुपे बेची जा रही नकली और घटिया बीडिय़ों से विक्रय और आयकर नहीं प्राप्त हो रही है।

### थोक में आधा, फुटकर में पूरा दाम

मनोहर बीड़ी के नाम पर शहडोल के कुछ व्यापारियों के साथ ही बुढ़ार व कोयलांचल के जिन्ना, शेष नारायण व सलमान नामक व्यक्ति नकली बीडिय़ों का कारोबार कर रहे हैं, हूबहू असली बीड़ी जैसी पैकिंग और दिखने वाली नकली मनोहर बीड़ी का थोक में दाम आधा बताया जाता है, जबकि फुटकर किराना व्यापारी ग्राहकों को असली बीड़ी के दाम पर ही नकली बीडिय़ा बेच रहे हैं। शासन के मापदण्डों और मानको पर बिना मापी गई नकली बीडिय़ॉ असली बीड़ी की तुलना में कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाती है।

### बिक्री व आयकर की चोरी

तम्बाखू और अन्य नशे के उत्पादों में शासन को राजस्व के रूप में एक बड़ी धनराशि प्राप्त होती है, यही वजह है कि बीड़ी जैसे उत्पाद लागत मूल्य से तीन से चार सौ गुना अधिक में ग्राहकों को बेचे जाते हैं। इसका दूसरा उद्देश्य यह भी होता है कि उत्पाद महंगा होने के कारण नशे के रूप में इसका कम उपयोग हो। वर्तमान में जो नकली बीडिय़ाँ जो मनोहर के नाम पर जिले में बेची जा रही है, उनका न तो कहीं पक्के में लेखा-जोखा होता है और न ही बिक्री कर तथा जीएसटी आदि के माध्यम से शासन को राजस्व जाता है। असली और पक्के बिलों के मनोहर बीड़ी के कारोबार की आड़ में सलमान, शेषनारायण और जिन्ना जैसे आधा दर्जन लोग हर माह लाखों की बिक्री कर और आयकर की भी चोरी कर रहे हैं।

### मोहर ने तोड़ा मनोहर का बाजार

बीते वर्षो में चोरी छुपे नकली बीड़ी का कारोबार करने वालों के खिलाफ कई बार कार्यवाही भी हुई है, जिसके बाद मनोहर से मिलता-जुलता मोहर नामक बीड़ी का उत्पादन किया जाने लगा, बुढ़ार क्षेत्र में मोहर बीड़ी का उत्पादन किया जाता है, जहां एक ही गोदाम और छत के नीचे दिखावे के लिए मोहर बीड़ी के रैपर और पैकिंग किये हुए कट्टे और बंडल रखे जाते हैं, वहीं नागपुर तथा अन्य स्थानों से मनोहर बीड़ी के रैपर बस के माध्यम से प्रिंट कर यहां चोरी छुपे पैक किये जाते हैं। इस पूरे मामले में संबंधित विभाग को भी पूरी जानकारी है, लेकिन आर्थिक लाभ के फेर में नकली बीडिय़ों के कारोबार को विभाग ने पूरी छूट दी हुई है।



### कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक हुई संपन्न

**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में जिला कांग्रेस प्रभारी विधायक नारायण पट्टा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश सचिव अजय अवस्थी की विशेष उपस्थित में जिला समन्वय समिति की बैठक स्थानीय कॉंग्रेस भवन शहडोल मे संपन्न हुई। बैठक में आगामी संविधान बचाओ रैली की रूप- रेखा तैयार की गई, जिसमे 10 मई को जिला मुख्यालय शहडोल, 13 मई जयसिंहनगर, 15 मई जैतपुर एवं 17 मई ब्यौहारी मे संविधान बचाओ रैली निकाली जाएगी। बैठक में राहुल गांधी द्वारा जाति जनगणना की मांग को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर जिला कॉंग्रेस कमेटी ने राहुल जी का धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। बैठक के उपरांत जिला कांग्रेस द्वारा पहलगाम मे हुए आतंकी हमले मे आतंकियों के आतंक मे दिवंगत हुए लोगों एवं राजस्थान की पूर्व मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा व्यास के निधन पर जिला कांग्रेस द्वारा मौन रख कर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से, जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, जिला प्रभारी विधायक नारायण पट्टा, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी,नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, जयसिंह नगर विधायक प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह मरावी, ब्यौहारी विधानसभा प्रत्याशी रामलखन सिंह, जैतपुर विधानसभा प्रत्याशी उमा धुर्वे, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, ब्यौहारी ब्लाक अध्यक्ष विनोद ताम्रकार, सिंहपुर ब्लाक अध्यक्ष अनूपपुर सिंह परिहार, दलप्रताप सिंह, नईम अहमद, सागर साहू, हिमांशु गुप्ता आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### सैकड़ों परिवार होंगे बर्बाद, किससे करें फरियाद ?

## नपा ने दी सडक़ चौड़ीकरण के लिए गरीबों के घर तोडऩे की नोटिस

**धनपुरी।** सडक़ किनारे बने मकानों को तोडऩे की नोटिस मिलने के बाद लोग परेशान है लेकिन आश्चर्यचकित भी हैं कि आखिर कैसे नगर पालिका के अनैतिक कार्य में कांग्रेस के पार्षद भी साथ दे रहे हैं। दरअसल जिस क्षेत्र के लोगों को घर तोड़े जाने की नोटिस जारी किया गया है उस क्षेत्र में कांग्रेस के पार्षदों की संख्या 4 से 5 है। कांग्रेस के पार्षद भी चुप्पी साधे बैठे हैं और इस गैर जरूरी कार्य का विरोध नहीं कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता से आस लगा रखी है कि वह इस मामले में अपने पार्षदों को नसीहत देकर स्वयं भी कुछ ठोस पहल जरूर करेंगे वरना धनपुरी के कांग्रेस पार्षदों है तो चुनाव के बाद से ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया था।

**जरूरी नहीं है रोड का चौड़ीकरण** -प्राप्त जानकारी के अनुसार रीवा अमरकंटक राजमार्ग के नाम पर किस सडक़ को चौड़ीकरण किए जाने का प्रस्ताव नगर पालिका द्वारा लाया गया है क्योंकि नगरीय आबादी क्षेत्र है इसलिए यहां पर डिवाइडर लगाकर मॉडल रोड बनाया जाना है लेकिन जैसी कि जानकारी सामने आ रही है कि एमपीआरडीसी अमरकंटक मार्ग का निर्माण कर रही है और यह मार्ग देवहरा होकर निकलेगा। इसका तात्पर्य है कि शहडोल से जिन लोगों को अमरकंटक जाना होगा उन्हें धनपुरी आने की आवश्यकता नहीं होगी। वह बुढार मैं प्रवेश करने के पहले ही रुंगटा कालरी होते हुए अमलाई रेलवे स्टेशन के सामने से देवहरा होते हुए अमरकंटक जाएंगे। धनपुरी नगर पालिका ने अमरकंटक मार्ग के नाम पर जिस सडक़ के चौड़ीकरण का काम हाथ में लिया है वह सडक़ धनपुरी के बाहर निकालने के साथ ही समाप्त हो जाएगी। क्योंकि उससे आगे खदानें हैं और खदानों के बीच से आम रास्ता नहीं बनाया जा सकता है। कालरी के बीच का रास्ता सिर्फ उन वाहनों के लिए है जिससे कोयल का परिवहन होता है।



**... तो बने बायपास रोड** - स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मॉडल रोड के नाम पर लोगों के घर गिराने पर आमादा नगर पालिका के कर्ताधर्ताओं ने आनन फानन में सडक़ चौड़ीकरण के नाम पर लोगों के घर गिराने का निर्णय तो ले लिया लेकिन यह कतई आवश्यक नहीं है। यदि स्टेट हाईवे ही बनाना है तो आबादी के बाहर बाईपास रोड का निर्माण किया जाना चाहिए जिससे नगर के विकास को गति मिलेगी और लोगों को आर्थिक क्षति का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। बायपास रोड बनाने का प्रस्ताव देने के बजाय नगर पालिका के कर्ताधर्ताओं ने अपनी खुद की कमाई के फेर में आम नागरिकों की संपत्ति और जीवन को खतरे में डालने का दुश्चक्र रचा है जिसका स्थानीय नागरिक पुरजोर विरोध करने को तैयार हैं।

**लोगों में आक्रोश-** इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय लोगों ने नगर पालिका परिषद धनपुरी को चेतावनी दे दी है। उन्होंने कहा है कि अगर धनपुरी वासियो के मकानों को तोड़ा गया तो वे इसका विरोध करेंगे, और आंदोलन होगा। धनपुरी नगर के लोग लंबे समय से उन मकानों में निवास कर रहे हैं जिन्हें तोडऩे के लिए नगर पालिका ने नोटिस जारी किया है।

**कांग्रेसी वार्ड इसलिए नोटिस दिया-** बताया जा रहा है कि नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास स्थित नरगड़ा नल के पास से लेकर चार नंबर तक सभी वार्ड कांग्रेस के हैं, और यही कारण है कि नगर पालिका परिषद द्वारा इन वार्डो के निवासियों को परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि इन सभी चार वार्डो में 70 प्रतिशत से ज्यादा आबादी कांग्रेस समर्थक है, और यही कारण है कि कांग्रेस का समर्थन करने की वजह से लोगों को परेशान करने की नीयत से मकान तोडऩे का नोटिस जारी किए गए हैं। जबकि अब कांग्रेस ने ही लोगों का साथ छोड़ दिया है और उन्हें बेघर होते हुए देखने को तैयार है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवश्यकता पडऩे पर इस मामले को लेकर बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे।

**होगा बड़ा विरोध** - यदि नगर पालिका परिषद द्वारा नोटिस वापस नहीं लिया जाता है और सडक़ चौड़ीकरण के नाम पर धनपुरी नगर वासियों के मकान तोड़े जाते हैं तो बड़ा आंदोलन होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।



### पशु तस्करी के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा, एक फरार

**शहडोल।** बीते दिनों सोहागपुर थाना पुलिस को पशु तस्करी की सूचना मिली थी, ग्राम जमुआ, कुंदन किंग होटल के सामने मोहित सिंह एवं पंकज मिश्रा नाम के दो व्यक्ति अवैध रूप से कुछ मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ट्रक में भर कर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही तत्काल सोहागपुर पुलिस स्थल पर पहुंची। जहां पर दो व्यक्ति, ट्रक एवं चार पहिया वाहन लेकर खड़े मिले थे, लेकिन पुलिस को आता देख आरोपी चार पहिया वाहन से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये थे, काफी समय तक तलाश करने पर भी उक्त आरोपियो का कहीं पता नहीं चला था, लेकिन अब दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके है, जबकि एक की तलाश जारी है, घटना स्थल में पुलिस को मिले ट्रक क्रमांक एनएल 1 एजे 0964 की तलाशी लेने पर पीछे की तरफ 15 नग पड़ा एवं 15 नग भैंस क्रूरतापूर्वक बांध कर भरे हुए मिले थे, जिसमें दो मवेशियों की मौत हो गयी थी । पुलिस को ऐसा अंदेशा है कि संभवतः ट्रक में दम घुटने से उनकी मौत हो गयी होगी। वहीं ट्रक में लोड जीवित मवेशियों को मुक्त कराते हुए उन्हें जप्त कर सोहागपुर पुलिस द्वारा सुरक्षित स्थान पहुंचाया गया था । ट्रक जप्ती के बाद सोहागपुर पुलिस द्वारा आरोपी मोहित सिंह पिता स्व.सतेंद्र सिंह 26 वर्ष आदर्श कालोनी बुढार,पंकज सिंह गौतम पिता निवासी कटरा थाना जिला रीवा तथा पंकज मिश्रा निवासी सोहगपुर के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स
शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए बुलेरो, कार बुकिंग के लिए संपर्क करें
रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार, जिला-शहडोल (म.प्र.)
मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682
आशीष नामदेव

## स्वास्थ्य केंद्र चिल्हारी में शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सेक्टर स्तर पर सेक्टर अंतर्गत आने वाले सभी कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार तथा गंभीर बीमारियों की संभावना के परीक्षण हेतु विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन आयोजन 5 मई से किया गया है। उन्होंने बताया कि 5 मई को परियोजना उमरिया - 1 सेक्टर निगहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत निगहरी में, परियोजना उमरिया 2 सेक्टर करकेली अंतर्गत सामुदायिक भवन करकेली, परियोजना मानपुर सेक्टर चिल्हारी अंतर्गत स्वा0 केंद्र चिल्हारी में, मानपुर परियोजना के सेक्टर पाली अंतर्गत पोषण पुर्नवास केंद्र एनआरसी पाली में शिविर आयोजित किया गया है।

## अमृत सरोवरों को राजस्व रिकॉर्ड में किया गया दर्ज

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत अमृत सरोवरों को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जा रहा है। तहसीलदार मानपुर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 1 मई तक 30 अमृत सरोवरों में से 20 अमृत सरोवरो को राजस्व.रिकार्ड में दर्ज किया जा चुका है। सरोवरो का क्षेत्रफल 12.680 हे0 है। इसी तरह राजस्व अभिलेख मे दर्ज होने से शेष अन्य जल संरचनाएं नहर, तालाब, चेकडेम, स्टाप डेम इत्यादि जो अभियान के दौरान अभिलेख मे दर्ज की गई है उनकी संख्या 173 है तथा जिनका क्षेत्रफल 51.769 हे0 है।

## जल स्रोतों के पास से हटाये गये अतिक्रमण

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदी, तालाबो, घाटो, कुओं के आस पास श्रमदान करके साफ सफाई की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ जल स्रोतो के आस पास हुए अतिक्रमण को हटानें की भी कार्यवाही की जा रही है। तहसीलदार मानपुर ने बताया कि गत दिवस चितौहा, नाला डोडका, ताजिया नाला, मझखेता ग्राम पंचायत अंतर्गत 0.185 हे0 में हुए अतिक्रमण हो हटाने की कार्यवाही की गई।

## पुलिस ने किया मामला दर्ज पुलिस अधीक्षक के निर्देश का दिखा असर



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** अनूपपुर जिले के मीडिया कर्मी निर्भीक हो कर कार्य करें। ग्रामीण और आंचलिक मीडिया कर्मी पत्रकारिता की धुरी होते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारों द्वारा किये गये कार्यों की स्वीकार्यता है। अनूपपुर जिले के मीडिया कर्मी भी बहुत अच्छा कार्य कर रहे है। आप सभी मीडिया कर्मी निर्भीक हो कर अपना पत्रकारिता का कर्तव्य निर्वहन करें। आप को किसी से डरने की जरुरत नहीं है। राजनगर निवासी मीडिया कर्मी सुमिता शर्मा के साथ समाचार संकलन के दौरान अभिषेक तिवारी नामक किसी व्यक्ति द्वारा दुर्व्यवहार की शिकायत मुझे मिली है। मामले की जांच करवा कर हम आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करेंगे। शनिवार को कोयलांचल क्षेत्र के राजनगर की मीडिया कर्मी श्रीमती सुमिता शर्मा के साथ बदसलूकी की शिकायत पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान से की कोतमा बिजुरी राजनगर क्षेत्र से पहुंचे मीडिया कर्मियों द्वारा की गयी। जिसे पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए उपरोक्त बातें कही। बता दें कि राजनगर की महिला मीडिया कर्मी श्रीमती सुमिता शर्मा के साथ विगत दिवस नगर परिषद बनगवां के संविलियन कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार किया। इसके बाद नगर परिषद डोला मे मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद अध्यक्ष से बाइट लेने गई सुमिता शर्मा के साथ नगर परिषद डोला गेट के सामने अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया गया। इसके बाद थाना रामनगर में शिकायत की गई। तीन दिन बीतने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई जिसके बाद पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अवगत कराया गया। सुमिता शर्मा के रिपोर्ट में आरोपी नगरपरिषद के लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न धाराओं में आपराधिक मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने शनिवार को मुलाकात के दौरान आश्वस्त किया था कि आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करेंगे।

### ...तो कहीं हो न जाये पंचायत में हवाई जहाज की सप्लाई

# वाणिज्य कर विभाग की उदासीनता ने बढ़ाया फर्जी फर्मों का हौसला

**महराज ट्रेडर्स एण्ड फोटोकॉपी सेंटर से सप्लाई हो रही निर्माण सामग्री**

ग्राम पंचायतों में हो रहे निर्माण कार्यों में टैक्स जमा करने के नाम पर जमकर हेरफेर किया जा रहा है। उदासीनता के चलते वाणिज्य कर विभाग इन कार्यों की जांच नहीं करता है। ऐसे में ग्राम पंचायत, जिला पंचायत समेत अन्य योजनाओं से आने वाली धनराशि से बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी हो रही है।




हरिभूमि न्यूज शहडोल

जिले की जयसिंहनगर जनपद की पंचायतों में फर्जी फर्मों को भुगतान किया जा रहा है। पंचायतों में फर्जी फर्मों के जरिये मात्र जीएसटी नंबर लेकर भुगतान लिया रहा हैं, जिसमें अधिकतर बिलों में रेत, मुरूम, पत्थर, गिट्टी, सीमेंट के नाम पर लाखों का आहरण हुआ है। जिसमें सीमेंट को छोडक़र सभी खनिज है। जिस पर सरकार द्वारा रॉयल्टी भी वसूल की जाती है। मगर इन बिलों पर खनिज की आपूर्ति दर्शाकर ना केवल राशि का आहरण किया बल्कि खनिज की रॉयल्टी की भी चोरी की गई है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा ऐसे फर्मो पर संज्ञान लेने के चलते फर्जी फर्म संचालकों के हौसले बुलंद है।

### पंचायत कोई, सील कोई

जयसिंहनगर जनपद की ग्राम पंचायत ढोलर का नया कारनामा सामने आया है, जहां ढोलर पंचायत में महराज ट्रेडर्स एण्ड फोटोकॉपी सेंटर, जनपद पंचायत के पास मेन रोड, जयसिंहनगर द्वारा 1 लाख 650 रूपये का लोहा सप्लाई की है, आश्चर्य की बात तो यह है कि सचिव को बिल पास करने की इतनी जल्दी थी कि उसने ग्राम पंचायत ढोलर की जगह ग्राम पंचायत बसोहरा की सील लगाकर बिल पास कर दिया, सचिव की बिल पास करने की उत्सुकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अगर गलती हो गई थी तो, दुकानदार से दूसरा बिल लेकर फिर से सही किया जा सकता था, लेकिन इस ओर शासकीय कर्मचारी ने ध्यान ही नहीं दिया।

### अधिकारियों को जांच की फुर्सत नहीं

ग्राम पंचायत ढोलर में फर्जी बिल लगाकर शासकीय पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है, इसका खुलासा पंचायत दर्पण पर लगाए गए बिलों को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है, लेकिन जिले में बैठे अधिकारियों को इतनी फुर्सत ही नहीं है। हालाकि अगर शिकायत हो भी जाती है तो, जिला पंचायत पहुंचने और जांच के बाद उसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है। ग्राम पंचायत ढोलर में महराज ट्रेडर्स एण्ड फोटोकॉपी द्वारा सरिया की सप्लाई की गई है, हालाकि यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अगर किसी दिन पंचायत सचिव को हवाई जहाज की जरूरत पड़ जाये तो, महराज ट्रेडर्स के संचालक उसकी भी सप्लाई कर सकते हैं।

### फर्म संचालक की जांच जरूरी

ढोलर पंचायत में फर्जी बिलों से भुगतान हुए है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता, वाणिज्य कर विभाग अगर जिन बिलों के माध्यम से भुगतान हुआ है, वास्तव में उस सामग्री की खरीदी हुई है अथवा नहीं, साथ ही लाखों की दुकानदारी करने वाले संचालकों के पास क्या नंबर एक की पूंजी थी। पहले क्या इनकम टैक्स विभाग में इन्होंने अपनी पूंजी को दर्शाया है। इन सभी मुद्दों की जांच होनी चाहिए, उसके बाद निर्माण पंचायत एजेंसी से भी पूछताछ करके ये पता लगाया जाना चाहिए कि सामान की खरीदी हुई थी अथवा सरपंच सचिवों ने मिलकर बंदरबांट किया है।

## आज से कुपोषित बच्चों में सुधार के लिए जांच शिविरों का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले में बच्चों मे पाए जा रहे कुपोषण को दूर करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। कार्य योजना अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सेक्टर स्तर पर सेक्टर अंतर्गत आने वाले सभी कुपोषित बच्चो के स्वास्थ्य में सुधार तथा गंभीर बीमारियों की संभावना के परीक्षण हेतु विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन आयोजन 5 मई से किया गया है।

उन्होंने कहा है कि सेक्टर स्तर पर शिविर आयोजन में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दवाईयों, प्रोटीन, विटामिन, आयरन आदि की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जावेगी। शिविरों का आयोजन सूची अनुसार किया जावेगा। भवन उपलब्ध न होने अथवा किसी अन्य कठिनाई में सुविधानुसार भवन का चयन परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा किया जावेगा। शिविर स्थल पर लाईट, बिजली, पेयजल, टेन्ट, आदि की व्यवस्था संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा की जावेगी। गर्मी का मौसम होने के कारण तेज धूप तथा गर्म हवायें चलने की संभावना है अतः इससे बचाव की समुचित व्यवस्था की जावे।

बच्चों का चिन्हांकन कर शिविर स्थल तक सुरक्षित रूप से लाने एवं ले जाने तथा नियमित रूप से बच्चों का फालोअप करते हुये बच्चों के स्वास्थ्य में परिवर्तन की निगरानी महिला एवं बाल विकास विभाग की होगी। शिविर हेतु नोडल विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग होगा। जिला आयुष अधिकारी की जिम्मेवारी होगी कि शिविर स्थल के नजदीकी आयुष चिकित्सालय के चिकित्सक/स्टॉफ को आवश्यकतानुसार आवश्यक औषिधियों तथा जॉच उपकरणों के साथ शिविर स्थल में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करें।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग के संबंध में दिशा निर्देश

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर शासन के निर्देशानुसार गेहूं उपार्जन का कार्य 15 मार्च 2025 से प्रारंम्भ होकर 5 मई 2025 की अवधि में किया जाना है। तथा ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को समर्थन मूल्यन पर गेहूं विक्रय करने हेतु स्लॉ्ट बुकिंग हेतु 30 अप्रैल 2025 तक करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी।

उन्होंने बताया कि कुछ किसान गेहूं विक्रय नहीं कर पाये है ऐसे किसानों के लिए शासन द्वारा यह सुविधा गेहूं विक्रय हेतु उपलब्धा कराई गई है। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसनों में से समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने हेतु इच्छुक किसान द्वारा स्लॉट बुकिंग हेतु कलेक्टर कार्यालय (खाद्य-शाखा) जिला उमरिया (म.प्र.) के कक्ष क्रमांक-64 में उपस्थित होकर आवेदन करना होगा। किसान द्वारा आवेदन-पत्र में किसान कोड, किसान का, पिता का नाम, किसान पंजीयन में दर्ज मोबाईल नंबर, गेहूं विक्रय हेतु चयनित दिनांक (अधिकतम 5 मई 2025 तक), गेहूं विक्रय हेतु चयनित उपार्जन केन्द्रं का नाम एवं कोड तथा विक्रय कि जाने वाली गेहूं की अनुमानित मात्रा (क्विटल में) का उल्लेख करना होगा। ई-उपार्जन पोर्टल पर आवेदक कृषक का स्लॉट बुकिंग की सुविधा डीएसओ लॉगिन में उपलब्ध कराई गई है जिसमें डीएसओ लॉगिन द्वारा सीधे किसान का स्लॉटट बुकिंग की जावेगी। स्लॉट बुकिंग की सूचना किसान कों डै के माध्येम से, जिला नियंत्रण कक्ष से तथा उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा दी जाएगी। स्लॉट बुकिंग करने वाले किसान को उपार्जन केन्द्र पर गेहूं का विक्रय की अंतिम 5 मई 2025 तक किया जाना होगा। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत एवं इच्छुक किसान अपना स्लॉट बुकिंग कराकर न्यूनतम समर्थन मूल्य गेहूं विक्रय कर शासन की योजना का लाभ अर्जित कर सकते है

## सीएमएचओ ने मुख्यमंत्री श्रमिक प्रसूति सहायता योजना की समीक्षा की



**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस बी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करकेली में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सेक्टर सुपरवाइजर, ए एन एम, आशा पर्यवेक्षक आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ सुमित कुशवाहा द्वारा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की वृहद समीक्षा की गई। विशेष रूप से हितग्राही मूलक योजना के अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना तथा मुख्यमंत्री श्रमिक प्रसूति सहायता योजना की समीक्षा मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा की गईं जबकि उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओ की समीक्षा जिला स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा की गई। मौसमी बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिए विशेष जन जागरूकता के लिए सभी आशा कार्यकत्र्ता को निर्देशित किया गया कि 5 मई 2025 से जिले के कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन तथा चिकित्सक द्वारा उपचार हेतु आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में सभी कुपोषित बच्चों को शिविर में लाने तथा जाँच कराने के लिए आशा कार्यकत्र्ता, आशा पर्यवेक्षक, ए एन एम, सी एच ओ, सेक्टर सुपरवाइजर और एम पी डब्ल्यू को निर्देशित किया गया। 70 प्लस आयुवर्ग के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

## हितग्राहियों को लाभांवित करने हेतु लक्ष्य प्राप्त

### 50 लाख से 25 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान

**हरिभूमि न्यूज, उमरिया। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत उमरिया जिले को वित्तीय वर्ष 2025-26 हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जो हितग्राही अपना स्वयं का उद्यम / व्यवसाय स्थापित करना चाहते है उन्हें योजना अंतर्गत बैंक के माध्यम से उद्योग (विनिर्माण) इकाई के लिये 0.50 लाख से 50 लाख तक की परियोजना, व्यवसाय ( रिट्रेल ट्रेड हेतु 0.50 लाख से 25 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है।**

योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक आवेदक जो म0प्र0 का स्थानीय निवासी हो एवं आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8 वीं उत्तीर्ण हो एवं परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो, आवेदक किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो, ऐसे पात्र हितग्राही अपना आवेदन पत्र आनलाइन के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। योजना अंतर्गत हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित ऋण पर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान मोरेटोरियम अवधि सहित अधिकतम 7 वर्षों तक दिया जायेगा एवं योजना अंतर्गत ऋण गारंटी फीस भी प्रचलित दर से मोरेटोरियम अवधि सहित अधिकतम 7 वर्षों तक रिंइबर्स की जावेगी। पात्र आवेदक अपना आवेदन पत्र समस्त सह पत्रों सहित एम0पी0 आनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जेल बिल्डिंग के पीछे उमरिया में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

## ग्रीष्मकालीन निशुल्क खेल शिविर प्रशिक्षण में विश्व हास्य दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज उमरिया



विश्व हास्य दिवस के अवसर पर ग्रीष्मकालीन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर पाली में खेलकूद के साथ विश्व हास्य दिवस का आयोजन किया गया। पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने उपस्थित बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि हंसी मनुष्य को ईश्वर द्वारा प्रदत्त सबसे शक्तिशाली उपहार है। हंसने से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन उत्सर्जित होता है, जो शरीर को बेहतर महसूस करने में मदद करता है। बातचीत करते समय हम जितनी ऑक्सीजन लेते हैं, उससे छह गुना अधिक ऑक्सीजन हंसते समय फेफड़ों तक पहुंचती है। महज आठ मिनट की हंसी से 60 फीसदी तनाव कम कर सकते हैं। ऐसे में लोगों के जीवन में हंसी का महत्व उजागर करने के लिए हर साल चार मई को विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है।हंसना सेहत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।विशेषज्ञों की मानें तो हर व्यक्ति को अपनी दैनिक दिनचर्या में हंसी को शामिल करना चाहिए।

खेल प्रशिक्षण शिविर कैंप संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहां की खेल प्रशिक्षण शिविर में हास्य व्यायाम के माध्यम से विभिन्न प्रकार के हास्य व्यायाम किया गया। जिसमें ताली बजाना, सांस लेने के व्यायाम और बच्चों के खेल जैसी गतिविधियां शामिल हैं। समूह में हंसने से सामाजिक जुड़ाव भी बढ़ता है, जिससे अकेलापन और अलगाव की भावना कम होती है। लाफ्टर थेरेपी, जिसे हास्य योग भी कहा जाता है, एक अनूठा अभ्यास है जो बिना किसी कारण के हंसी को बढ़ावा देता है।हंसने से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन का स्राव होता है, जो प्राकृतिक दर्द निवारक और मूड बूस्टर के रूप में कार्य करता है। यह तनाव हार्मोन कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में भी मदद करता है, जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इसके अतिरिक्त, हंसी रक्त परिसंचरण में सुधार करती है, मांसपेशियों को आराम देती है, और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है।इस दौरान पुलिस पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, योग प्रशिक्षक शिवराम सिंह, कैंप संयोजक हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, मुस्कान महोबिया, खिलाड़ी ऋषभ रजक, संजीवनी पटेल, मनु रजक, वैष्णवी गुप्ता, नेहा सिंह, पलक सिंह, माही पटेल, स्नेहा सिंह, आयुष शिवहरे, सुमित कोल,रमेश बैगा व सभी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पानी के लिए हाहाकार

# जल बिना यहां जीवन खतरे में, जल गंगा संवर्धन योजना फेल

**ग्रामीण पानी को तरस रहे, जिम्मेदार पी रहे बिसलेरी, विभागीय लापरवाही बना मुख्य कारण**

खबर प्रकाशन के बाद कलेक्टर हुये गंभीर, जारी किये निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा



शासन द्वारा जिले में जल गंगा संवर्धन योजना चल रही है। ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही नगरीय क्षेत्र में स्थित जल स्रोतों तालाब के जीर्णोद्धार के लिए जन अभियान चलाया जा रहा है, वहीं शासन के द्वारा ग्राम पंचायत में नल जल योजना के माध्यम से हर घर जल पहुंच जाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण जन पीने के पानी के लिए परेशान होते नजर आ रहे हैं। जबकि जिला कलेक्टर इस मामले में गंभीर जरूर है और उनके द्वारा जिले की हर बैठकों में जल जीवन मिशन के अधिकारियों को जहां पर नल जल योजना संचालित है या फिर ठेकेदार के द्वारा कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया हो उसे तत्काल मरम्मत कर करवाते हुए संचालित करवाए जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं, लेकिन जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बुढानपुर मे आज तक नल जल योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पाया है जिसके कारण लोग वर्तमान में हैंडपंप के पानी के आर्थिक हैं।

### मामला मुख्यालय से सटे गांव का

जनपद पंचायत कोतमा मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत बुढानपुर का है। जिसकी आबादी लगभग 3500 के करीब है और ग्राम पंचायत अंतर्गत 20 वार्ड आते हैं। लेकिन आज तक 30 ग्राम पंचायत को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल पाया। इसका कारण यह बताया जाता है कि ग्राम पंचायत में जल स्तर की समस्या है।

### खबर प्रकाशन पर सचेत हुये जिम्मेदार

ग्राम पंचायत बुढानपुर मे पानी की समस्या को लेकर हरिभूमि ने 1 मई के अंक में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था कि लोग पीने के पानी के लिए सुबह से लेकर तीन बार हैंडपंप में लाइन लगाए परेशान होते नजर आते हैं। हरिभूमि में प्रकाशित खबर को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गंभीरता से लिया और तत्काल ही ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर जल समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों से अवगत होते हुए उसके निदान के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर ग्रामीण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अमले के साथ शुक्रवार को ग्राम पंचायत बुढानपुर मे पहुंच कर जिम्मेदारों से चर्चा की।

### ग्रामीण पानी को तरस रहे, जिम्मेदार पी रहे बिसलेरी

एक ओर मुख्यालय से सटे गांव के लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं और कलेक्टर के निर्देश पर जल जीवन मिशन के अधिकारी ग्राम पंचायत भवन में जैन प्रतिनिधियों के साथ बैठकर बिसलेरी पानी पीते हुए पेयजल की समस्या के निदान के बारे में चर्चा करते नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत में 40 हैंड पंप जिसमें से दर्जन भर हैंड पंप बेकार पड़े हैं चार से पांच हैंडपंप चालू हालत में है जिससे सही ढंग से पानी निकलता है बाकी हैंडपंप हवा उगते नजर आ रहे हैं।

### टैंकर के माध्यम से नहीं पहुंचाया जाता पानी

ग्राम पंचायत के लोग ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे हैं हालत यह है कि भोर होते ही ग्रामीण हैंडपंप के पास पहुंचकर अपना-अपना डिब्बा लाइन बनाकर रख देते हैं जिससे उनकी बारी आने पर उन्हें पीने का पानी मिल सके। जब पेयजल की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच मिठाई लाल भरिया से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि पानी के टैंकर के माध्यम से सप्लाई नहीं करवाई जा रही है इसका मुख्य कारण यह है कि हमें लिखित में अधिकारियों से कोई आदेश नहीं मिला है यदि किसी ग्रामीण को पानी के टैंकर की आवश्यकता होती है तो उसे पानी का खाली टैंकर दे दिया जाता है अब उसकी व्यवस्था है कि वह पानी कहां से लेकर आता है।


### बीस मई से करवाया जायेगा कार्य

ग्राम पंचायत बुढानपुर में शुक्रवार को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में सरपंच एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में यह कहा की 20 मई से नल जल योजना का कार्य प्रारंभ करवाया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत में जो की जनपद मुख्यालय से लगा गांव है आज तक नल जल योजना का लाभ नहीं दिलवाया गया जबकि यहां पर विकास यात्रा के साथ ही जनप्रतिनिधियों के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए और उनका ध्यान नल जल योजना नहीं संचालित होने के बारे में भी दिलवाया गया लेकिन आज तक विकास यात्रा के माध्यम से भी हमारे गांव में नल जल योजना संचालित नहीं हो पाई और हम लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा ग्राम पंचायत बुढानपुर मकान निरीक्षण किया गया है। 40 हैंड पंप में दो हैंड पंप खराब पाए गए जिनका मरम्मत कार्य मौके पर करवाया गया है टेंडर की प्रक्रिया शुरू करवा दी गई है 1 में के अंदर कार्य प्रारंभ करवा दिया जाएगा।

**अमित शाह, कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अनूपपुर**



## दो घायलों को डायल 100 ने पहुँचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज रामनगर

थाना राम नगर क्षेत्र के फुलवारी टोला के पास एक एक्सिडेंट हो गया है, 02 व्यक्ति घायल हो गये है पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 04-05-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल रामनगर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक राम निवास गुर्जर पायलेट मोहम्मद कासिम अंसारी ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि मोटर साईकिल के अनियंत्रित हो जाने से छत्र धारी पिता खेलावन चौधरी उम्र 48 साल निवासी बिलिया छोट एवं राम खेलावन पिता सुन्दर दास चौधरी उम्र 50 साल निवासी बिलिया छोट मोटर साइकिल से गिर कर घायल हो गये थे। डायल-112/100 एफ आर व्ही द्वारा घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल बिजौरी पहुँचाया गया। डायल-112/100 जवानों की तत्परता से घायलों को समय पर उपचार मिला।

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलेक्टर को दी शाबाशी

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की समस्यायें सुनीं। उन्होंने कहा कि आमजन का कल्याण ही राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में पिछले 6 माह से कटनी जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के नागरिकों के लंबित प्रकरणों में समाधान करवाया। इस दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इधर कटनी जिले से कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर दिलीप कुमार यादव वर्चुअली जुड़े रहे। इसके अलावा वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, कार्यपालन यंत्री पीएचई कालू सिंह डामोर और निगमायुक्त नीलेश दुबे एवं जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा भी वर्चुअली जुड़े रहे।

## ग्रामीणों को बताई जल संरक्षण की तकनीक

**कटनी।** जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक एक मझगवां फाटक के ग्राम देवडोंगरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चौपाल लगाकर ग्रामवासियों को बताया गया कि आने वाले बारिश के समय में हम घर-घर में सोखता गड्ढा बनाकर अधिक से अधिक वर्षा जल को संचित कर जल स्तर को बढ़ा सकते हैं एवं खेतों की मेढ़ का बंधान करके जलस्तर को बढ़ाया जा सकता है। इस संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए दृष्टि मानव विकास समिति के अध्यक्ष मनीष पांडेय द्वारा उपस्थित लोगों के बीच में अपनी बात रखी गई। चौपाल में बसंत लाल यादव, अमृत लाल यादव, कमलेश चौधरी, उमेश यादव, दयाल यादव चौधरी, सुनील यादव, माही लाल यादव, हिम्मत दादा, मैंकू आदिवासी बाबूलाल श्रीवास मुन्ना चौधरी खुशी लाल आदिवासी विवेक पांडे प्रभांशु पांडे आदि की उपस्थिति रही।

## बाल संस्कार शिविर 6 से, बच्चों को मिलेगा प्रशिक्षण

**कटनी।** निर्मल धाम सहजयोग केंद्र मंगल नगर बाबा घाट के पास बाल संस्कार शिविर का आयोजन 6 मई से 10 मई तक किया जा रहा है जिसमें 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को संस्कार, नृत्य, संगीत चित्रकला आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को बाल संस्कार शिविर में सायंकाल 5:30 बजे से 6:30 तक भेजकर इस शिविर का लाभ उठाएं।यह शिविर पूर्णतः निशुल्क है।

## 5 मई तक प्रमाणित साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकेंगे दावा आपत्ति

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी सीमांतर्गत वार्ड क्रमांक -01 से 45 तक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत प्राप्त आनलाईन आवेदनों के संबंध में प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति 5 मई 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा इस संबंध में जारी सूचना में मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत प्राप्त आनलाईन आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर भौतिक सत्यापन तथा पात्रता परीक्षण किये जाने के उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किए जाने का लेख किया गया है । निगमायुक्त श्री दुबे ने आम जनों को सूचित किया है कि यदि किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह 5 मई को समय दोपहर 1 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि उपरांत किसी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नही होगी।

### रेल्वे पुलिस के लिए सिर दर्द बना स्टेशन मार्ग

# फुटपाथी सब्जी बाज़ार मार्ग पर आये दिनों लगता है जाम

### छुट जाती है यात्रियों की ट्रेन, नपा वसूल रहा बैठकी

बुढार।

नगर में यदि व्यवस्थित स्थान पर सब्जी बाजार लगनें को यदि नगरीय प्रशासन चिंहित कर सारी सुविधाएं उपलब्ध करा दें तो हों सकता है रेल्वे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर लगने वाले जाम से यात्रियों को निजात।

रेलवे पुलिस का सिर दर्द बन चुके फुटपाथी सब्जी विक्रेता जिनके द्वारा सड़क के दोनों ओर सब्जी बाजार लगा लेते हैं जिससे आने जाने वाले रेल यात्रियों को आये दिनों परेशानी उठानी पड़ रही है और इस स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय पुलिस एवं रेल्वे पुलिस को प्रतिदिन मस्कत करनी पड़ रही है।



### न तो सुविधा और न ही स्थान

नगर परिषद के द्वारा फुटपाथ में बैठने वाले सब्जी विक्रेता के लिए कोई सुविधा दे रहे न तो कोई व्यवस्थित स्थान लेकिन दुर दराजों से आने वाले सब्जी व्यापारियों से 20 रुपये वसूल रहे हैं जब उन्हें कोई सुविधा ही नहीं दे पा रहे तो किस बात का टैक्स रेल्वे की भूमि पर नपा की बसुली समझ से परे है।

### ओवर ब्रिज से स्टेशन तक लगता है जाम

अवैध रूप से ओवर ब्रिज से लेकर स्टेशन जाने वाले मार्ग पर आये दिनों घंटों लगता है जाम जिससे रेल यात्रियों को अपने गंतव्य की ओर जाने वाले ट्रेन भी छुट जाती है यदि समय रहते इस विषय पर संबंधित विभाग नहीं चेता तो आने वाले दिनों में यह एक बिकराल समस्या को जन्म देगी।

### रेलवे पुलिस से रोज होती है कचकच

रेल्वे स्टेशन में तैनात दो सिपाहियों से प्रतिदिन सुबह जब वह स्टेशन मार्ग पर अवरुद्ध पैदा होता है और सब्जी बाजार को हटने पहुंचते हैं तो वर्दीधारियों से नहक में कचकच होती है और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# तीन लापता व्यक्तियों को परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना की बस स्टैण्ड चौकी पुलिस ने अपहृत बालक बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा गुमइंसानो के प्रकरणों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए गुमशुदा व्यक्तियो की दस्तयावी अधिक से अधिक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। प्राप्त निर्देशों के तहत चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड उप.निरी. योगेश मिश्रा द्वारा गुमइंसान को दस्तयाब कर परिजनो के सुपूर्द करने में सक्रियता बरती जा रही है।

पुलिस ने बताया कि 2 फरवरी को प्रार्थी ने थाना कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम करीबन 09 बजे उसका बेटा घर से विना बताये कहीं चला गया था जो वापस नहीं लौटा। रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच में लिया गया। इसी तरह 7 फरवरी को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 07 फरवरी को शाम करीबन 4 बजे उसकी पत्नी घर से विना बताये कहीं चला गयी जो वापस नहीं आयी। एक अन्य मामले में 7 फरवरी 25 को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 फरवरी की शाम करीबन 3 बजे उसका पति घर से विना बताये कहीं चला गया जो वापस नहीं आया। थाना कोतवाली कटनी से गुमइंसान की दस्तयाबी हेतु टीम का गठन करते हुए गुमइंसान के बारे में सम्पूर्ण जानकारी एकत्रित की गई। गुमइंसान के संबंध में लगातार जानकारी एकत्रित कर सभी गुमइंसानों को दस्तयाब कर सकुशल परिवार जनों के सुपुर्द किया गया।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** रीठी थाना की सलैया चौकी पुलिस ने पिछले 9 साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। चौकी प्रभारी विनोद पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक क्षेत्र के फरार वारंटियों कि धरपकड़ करने के लिए निर्देश दिए गए थे। एसपी द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, मुख्यालय एसडीओपी उमराव सिंह एवं रीठी थाना प्रभारी राखी पांडे के मार्गदर्शन में सलैया चौकी पुलिस क्षेत्र के फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए सक्रिय कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में आज 3 मई 25 को वर्ष 2016 से फरार स्थाई वारंटी हरछठ उर्फ हरछटीया वंशकार पिता चंदू वंशकार उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम सलैया चौकी सलैया को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंटी को चौकी प्रभारी सलैया विनोद पांडे, सैनिक रमेश पटेल के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# उप जेल में बंदियों को कानूनी सलाह के लिए किया जागरूक

### जेल में विधिक साक्षरता शिविर एवं बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया






बुढार।

रविवार को मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जबलपुर के मार्गदर्शन तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष काशीनाथ सिंह एवं श्रीकृष्णन बुखारिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल के निर्देशानुसार में शहडोल जिले की उप जेल बुढार में जिला एवं सत्र न्यायाधीश बुढार सुशील कुमार अग्रवाल एवं न्यायाधीश विजेंद्र सिंह रावत के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उप जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमें कैदियों को उनको कानूनी सलाह और सहायता भी दी गई ।जहां पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अग्रवाल ने सभी कैदियों को बुलाकर उनकी समस्या को सुना और कानूनी सलाह समझाइए दिए। और जिनके प्रकरण में अधिवक्ता नहीं है उनको विधिक सहायता से अधिवक्ता लगाने का भी निर्देश दिए। बुढार स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं नर्स लोगों द्वारा तमाम बंदी लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जिसमें बुढार हॉस्पिटल के डॉक्टर और नर्स मौजूद थे। इसके साथ वहां जिला विधिक सहायता के अधिवक्ता अरविंद साहनी अनीता सहोता नितेश सिंह के साथ पैरा लीगल वॉलिंटियर रोहिणी बर्मन एवं उपाध्याय साथ न्यायालय के कर्मचारी विशाल मरावी कमलेश श्रीवास्तव एवं उप जेल बुढार के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# लाडली उत्सव कार्यक्रम में बालिकाओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

परियोजना बड़वारा के जनपद सभा कक्ष में जनपद अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष एवम बड़वारा ग्राम की सरपंच की उपस्थिति में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सम्मिलित लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाएं एवं अन्य महिलाओं की उपस्थिति में शासन के निर्देश अनुसार मेहंदी चित्रकला गीत भाषण इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतियोगिताओं में सम्मिलित बालिकाओं द्वारा तैयार की गई पेंटिंग मेहंदी का अवलोकन किया गया जिसमें विजेता बालिकाएं क्रमशः वंशिका पटेल ,अंशी, मान्या निगम दिशा पाटकर, अनन्या अंशी इत्यादि को उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में बालिकाओं का कन्या पूजन किया गया एवं लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में उपस्थित परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू द्वारा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के संबंध में जानकारी दी गई एवं बताया गया कि बड़वारा विकासखंड में अभी तक 14482 लाड़ली लक्ष्मी की बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है एवं इन बालिकाओं को कक्षा छठवीं नौवीं ग्यारहवीं 12वीं में छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है एवं 21 साल की उम्र पूर्ण होने पर 100000 की राशि प्रदाय की जाएगी एवं बालिका के कॉलेज में अध्ययन पर 25000 रुपए की राशि का छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा।

# पशु तस्करों के अड्डे से मिले कारतूस के साथ हथियार

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

पूरे संभाग में पशु तस्करी का गढ़ कहे जाने वाले कोतमा में पशु तस्करों के अड्डे से मिले कारतूस के साथ हथियार, ताजा मांस, 21 मवेशी एवं लग्जरी गाड़ियों की जप्ती के बाद पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में पुलिस टीम एक्शन मोड में नजर आने लगी है। मामले के मुख्य सरगना अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू 32 वर्ष पिता एखलाख उर्फ लाखू खान एवं मोहम्मद वाजिद 30 वर्ष पिता एखलाख उर्फ लाखू दोनों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। जिनके नंबर बंद होने के साथ फरार चल रहे है। मामले से जुड़े आधा दर्जन अन्य पशु तस्करों को भी पुलिस टीम तलाश कर रही है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ अनूपपुर एवं शहडोल जिले के थानों में दर्ज अपराधों के रिकॉर्ड जुटाते हुए जिला बदर किए जाने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है।

### आरोपी पहुंचे सलाखों के पीछे

पुलिस द्वारा गिरफ्तार दोनों आरोपी मोहम्मद मुस्तहीफ उत्तर प्रदेश एवं मोहम्मद नसीम निवासी सतना को मेडिकल उपरांत न्यायालय मे पेश किया गया। गंभीर अपराध होने पर दोनों आरोपियों की जमानत नामंजूर होकर सलाखों के पीछे भेजा गया। घातक हथियार एवं कच्चा मांस मिलने के बाद तस्करी के नेटवर्क में सक्रिय अन्य पशु तस्करों की भी तलाश तेजी से कर रही है।



### अनूपपुर एवं शहडोल थानों में दर्ज हैं कई मामले

उत्तर प्रदेश से आकर क्षेत्र में पशु तस्करी का बड़ा नेटवर्क खड़ा कर चुके दोनों भाई अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू एवं मोहम्मद वाजिद के खिलाफ कोतमा थाने के अलावा अनूपपुर एवं शहडोल जिले के विभिन्न थानों में अनेक अपराध दर्ज हैं। पिछले एक दशक से अपराध की दुनिया में सक्रिय अब्दुल रहमान के खिलाफ थाना कोतमा में आधा दर्जन मामलों के अलावा रामनगर, अमलाई, बुढार, केशवाही चौकी सहित अन्य थानों में पशु तस्करी, आर्म्स एक्ट, मारपीट एवं पशुओं से क्रूरता के मामले दर्ज है। दो दिनों से पुलिस द्वारा लगातार रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है।

### कच्चे मांस को भेजा गया फॉरेंसिक लैब

पशु तस्कर बल्लू के ठिकाने से मिले कच्चे मांस को पुलिस के द्वारा विटनरी विभाग को बुलाकर मांस के परीक्षण कराने के बाद जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर किस जानवर का है इसकी पुष्टि हो जाएगी। सर्वविदित है कि कोतमा थाना अंतर्गत पशु तस्करी के लिए मवेशी बाजार, लहसुई डल्लू बाड़, बसखली पानी टंकी के पीछे बगीचा, पथरौडी, चंगेरी, पैरीचूआ में पशु तस्करों के अलग-अलग गिरोह सक्रिय हैं जिनके द्वारा आए दिन पशुओं को क्रूरता पूर्वक बांधते हुए रात के अंधेरे में पिकअप एवं ट्रक में लोड करते हुए बूचड़खाने भेजा जाता है।

### मंदसौर में हुई घटना के बाद सुरक्षा को लेकर प्रशासन हुआ अलर्ट

# खुले हुए बोर, कुंओं एवं ट्यूबवैलों को तत्काल बंद करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हाल ही में मंदसौर जिले में सड़क के किनारे स्थित खुले कुएं में वाहन गिरने से हुई दुर्घटना के मद्देनजर कटनी जिला प्रशासन सतर्क है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले में इस तरह की कोई अप्रिय घटना न घटित हो इसलिए नगरीय निकायों, पंचायतों और राजस्व अधिकारियों को ऐहतियातन इस मामले में विशेष सावधानी और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम, आयुक्त नगरनिगम, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं पीडब्ल्यूडी सहित सभी निर्माण विभागों और तीनों नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को खुले हुए बोर, ट्यूबवैल और खुले कुओं को तत्काल ढ़कने और आवश्यक होने पर बंद कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया है कि मानव जीवन की सुरक्षा की दृष्टि से सूखे और बिना मुंडेर व चारदीवारी वाले अनुपयोगी और सूखे कुओं, बावड़ी और खुले बोर को बंद कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री यादव ने यह निर्देश जनहित में सुरक्षा की दृष्टि से असफल और खुला बोर व कुआं तथा ट्यूबवैल को तत्काल बंद कराने की हिदायत दी है।



### सुरक्षा के लिए रहें सतर्क

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रायः नागरिकों एवं संबंधित संस्था द्वारा असफल बोरिंग और ट्यूबवैल को खुला छोड़ दिया जाता है। ऐसे बोर पर नजर रखें और इन्हें बंद करायें। इस मामले मे सावधानी और सर्तकता बरतें। आये दिन अन्य किसी जिले से मासूम बच्चों के बोर मे गिरने और खुले कुओं में गिरने से होने वाले हादसों की खबरें मिलती रहती है। इसलिए जनहित और सुरक्षा के मद्देनजर सावधान और सतर्क रहें।

### जिले भर मे हुआ था सर्वे

बीते साल की अप्रैल माह में नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के माध्यम से खुले बोरवेल और अनुपयोगी कुंओं का सर्वे कराया गया था और उन्हें बंद भी कराया गया था। लेकिन कलेक्टर श्री यादव ने अब फिर से एक सप्ताह के भीतर खुले बोरवेल और बिना मुंडेर वाले कुओं का सर्वे परीक्षण करवाकर उन्हें ढ़कवाने का कार्य कर राहत शाखा में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की हिदायत अफसरों को दी है।

### खुला न रहे कुआं बोर व ट्यूबवैल

कलेक्टर श्री यादव ने बीते सप्ताह संपन्न हुई समय-सीमा बैठक में निर्देशित किया था कि जिले की सीमा क्षेत्र में खेत, खलिहान या अन्य स्थानों पर होने वाला एक भी बोर व ट्यूबवेल और कुआं को खुला नहीं रखा जाये। खुले बोर और कूपों को तत्काल ढ़ककर लोहे की जाली आदि से बंद कराया जाये।

### कुओं को जाली से ढ़ंके

कलेक्टर श्री यादव ने लोकनिर्माण विभाग सहित सभी सड़क निर्माण विभागों को निर्देशित किया है कि वे सड़क के दोनों ओर के 5-10 मीटर की दूरी तक के कुओं की जांच करायें और यदि खुले हैं तो उन्हें ढ़कवाया जाये, ताकि कोई अनहोनी और अप्रिय घटना घटित नहीं होने पाये।

### इन नंबरों पर दें सूचना

कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि जिले के हर बच्चे और नागरिक की जिंदगी अनमोल है। इसलिए यदि किसी भी व्यक्ति को जिले मे कहीं भी खुला बोरवेल और खुला गैर उपयोगी सूखा कुआं एवं नलकूप दिखता है, तो इसकी सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबरों 07622-220071 और 07622-220072 पर अवश्य देवें।

# निर्माण कार्यों के लिए 14.50 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने 15वें वित्त आयोग मद से जिले के 2 विकासखंडों में 3 निर्माण कार्य पूर्ण कराने 14 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वी कृति जारी की है। इन सभी कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायतों को बनाया गया है।

जारी प्रशासकीय स्वीगकृति के मुताबिक विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत कैलवाराकला में ओपन जिम निर्माण कार्य हेतु 2.50 लाख रूपये स्वीवकृत किया गया है। जबकि विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिजहनी एवं ग्राम पंचायत जारारोडा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए क्रमशः 7 लाख एवं 5 लाख रूपये की राशि स्वीसकृत की गई है।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने प्रशासकीय स्वीकृति आदेश में कहा है कि प्रथम किश्त के रूप में प्रदाय राशि का उपयोग कर लिये जाने पर द्वितीय किश्त के मांग पत्र के साथ कार्य स्थल के 4 फोटोग्राफ्स एवं क्रियान्वयन ऐजेंसी द्वारा माप पुस्तिका की अभिप्रमाणित छायाप्रति, प्रशासकीय स्वीकृति आदेश की छायाप्रति तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र जो कि उपयंत्री, सहायक यंत्री, सरपंच एवं सचिव द्वारा प्रमाणित हो, प्रस्तुात करने पर द्वितीय किश्ती जारी होगी।

इसके अलावा प्रशासकीय स्वीकृति की राशि से अधिक व्यय किसी भी दशा में मान्य नहीं किया जायेगा तथा अतिरिक्त राशि आवंटित नहीं की जायेगी। क्रियान्वयन ऐजेंसी का उत्तरदायित्व होगा कि स्वीकृत कार्य पूर्ण कराकर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्रेषित करें।

# ‘मुन्ना भाई’ संस्कृति को बढ़ावा दे रहा अमरकंटक विश्वविद्यालय

## आरईटी 2024-25 परीक्षा में गंभीर अनियमितताओं के आरोप

### परीक्षा पूर्व ही प्रश्न-पत्र लीक होने की चर्चाएं तेज, गहराया संदेह शिकायत और आरटीआई आवेदन दबाने का किया जा रहा पुरजोर प्रयास

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।




इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू), अमरकंटक में आयोजित शोध प्रवेश परीक्षा (आरईटी) 2024-25 को लेकर भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। आईजीएनटीयू के पूर्व छात्र एवं छात्र प्रतिनिधि रवि त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री कार्यालय को संबोधित एक विस्तृत पत्र भेजकर समूची प्रक्रिया की निष्पक्ष और केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। पत्र में विश्वविद्यालय प्रशासन पर परीक्षा प्रक्रिया में धांधली, पारदर्शिता के उल्लंघन और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ताज्जुब की बात यह भी है कि पीएमओ से शिकायत के बाद जो नोडल अधिकारी और आरटीआई संबंधित मामले में सूचना अधिकारी नियुक्त हुए हैं वे सभी नियम संगत या कानून की भाषा भूलकर संदेही आरोपितों की ही भाषा बोल रहे हैं, ऐसे में शिकायत के जांच की निष्पक्षता और आरटीआई आवेदन के जवाब दोनो पर मनगढ़ंत कार्रवाई की आशंका जताई जा रही है।

#### निजी ईमेल आईडी पर मंगाए गए प्रश्न

निजी ईमेल के माध्यम से प्रश्न-पत्र मंगवाने का आरोप लगा है, आरईटी 2024-25 में समन्वयक पर आरोप लगे हैं कि परीक्षा हेतु प्रश्न-पत्र मंगाने में निजी ईमेल आईडी का प्रयोग किए गए, जिससे प्रश्न लीक होने की संभावना बढ़ गई। परीक्षार्थियों को न तो स्कोरिंग डिटेल्स दी गईं, न ही उत्तर पुस्तिकाओं की जांच प्रक्रिया स्पष्ट की गई। रोल नंबर के साथ सिर्फ अंक प्रकाशित किए गए, जिससे परिणामों की विश्वसनीयता पर सवाल उठे।

#### इंटरव्यू प्रक्रिया में अनियमितताएं

आरईटी 2024-25 परीक्षा में भारी गड़बड़ियों के आरोप लगे हैं। परीक्षार्थियों को उनकी उत्तर पुस्तिकाओं और स्कोरिंग सिस्टम की जानकारी नहीं दी गई, सिर्फ रोल नंबर और अंक जारी किए गए। अर्थशास्त्र विभाग में रोल नंबर 2401106057 को मात्र 11 अंक मिलने के बावजूद, उसे गुप्त ईमेल से इंटरव्यू बुलाकर अनारक्षित कोटे में अनंतिम सूची में शामिल कर प्रवेश दिला दिया गया। खाली ओएमआर शीट जमा करने वालों का भी चयन हुआ है। परीक्षार्थियों ने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

#### रिचेकिंग प्रक्रिया में धांधली

रिचेकिंग के नाम पर छात्रों से शुल्क तो वसूला गया लेकिन उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का सही मूल्यांकन नहीं किया गया। औपचारिक नोटिफिकेशन के माध्यम से छात्रों को बरगलाया गया। परीक्षा से पूर्व ही प्रश्न-पत्र लीक होने की चर्चाएं थीं। परीक्षा के बाद परीक्षार्थियों को उनके प्रश्न-पत्र भी उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे संदेह और गहरा गया। छात्रों ने परीक्षा की ओएमआर शीट जांच करने वाली कथित निजी फर्म की जानकारी भी मांगी गई है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन अभी तक सूचना उपलब्ध नहीं करा पाया है।

#### शिकायत और आरटीआई को दिखा रहे ठेंगा

ज्ञात हो कि उक्त मामले में बीते 1 अप्रैल को रवि त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत भेजी जिसके बाद शिक्षा मंत्रालय होते हुए दूसरे दिन 3 अप्रैल को शिकायत आईजीएनटीयू पहुंच गई जो प्रो. गौरी शंकर भट्टाचार्य पास जांच के लिए है। जिसमे अभी तक कार्रवाई शून्य है, शिकायतकर्ता का आरोप है कि सब आपस में मिले हुए हैं, इसलिए कार्रवाई नहीं हो पाई है, ताज्जुब की बात है कि छात्रों को अपने प्रश्नपत्र की छायाप्रति लेने के लिए आरटीआई लगानी पड़ रही है, आरईटी 2024-25 के संबंध में प्राप्त सभी आरटीआई आवेदनों को हमेशा की तरह अटका दिया गया है।

#### अतिरिक्त गंभीरताएं

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर बिना प्रमाणित जानकारी अपडेट करना, महत्वपूर्ण बैठकों को गुप्त रखना, जैसे 18 मार्च 2025 की डीन मीटिंग। पर्चेज कमेटी और अम्बेडकर चेयर से जुड़े करोड़ों के घोटाले की आशंका। विश्वविद्यालय में गुटबाजी और विवादित प्रोफेसरों का वर्चस्व।

#### यह है छात्रों की मांगें

आरईटी 2024-25 परीक्षा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। प्रक्रिया में शामिल सभी पदाधिकारियों की निष्पक्ष और केंद्रीय एजेंसी से जांच कराई जाए। 2018 से अब तक विश्वविद्यालय में गठित सभी समितियों और उनके निर्णयों की सीबीआई जांच हो। वर्ष 2020 से लेकर 2025 तक पर्चेज कमेटी और अम्बेडकर चेयर में हुए आर्थिक लेन-देन का सोशल ऑडिट और भौतिक निरीक्षण हो, गुटबाजी और पक्षपात में शामिल विवादित प्रोफेसरों के तत्काल तबादले की कार्रवाई की जाए। पूर्व छात्र रवि त्रिपाठी ने अपने पत्र में चेताया है कि यदि आरईटी 2024-25 जैसी कथित भ्रष्ट प्रक्रियाओं पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो इससे शिक्षा व्यवस्था में गंभीर क्षति पहुंचेगी और मुन्ना भाई संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। आरईटी के समन्वयक जहां-तहां सफाई देते फिर रहे हैं कि कोई धांधली नहीं हुई है, और हमने इसी संबंध मे आरटीआई से कुछ साक्ष्य मांग लिए तो देने में देरी कर रहे हैं। ऐसे मे कैसे स्पष्ट होगा कि भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। आरटीआई का सही-सही जवाब दस्तावेज उपलब्ध करा दें सारी चीजें अपने-आप स्पष्ट हो जाएगी।

#### इनका कहना है

मैंने और दर्जनों परीक्षार्थियों ने आरटीआई के माध्यम से अपने-अपने प्रश्न पत्र और उत्तर पत्र की छायाप्रति मांगी उसपर लोक सूचना अधिकारी ने हमारे लिए हमारा ही काग़ज़ गोपनीय दस्तावेज बताते हुए सही जबाब देने से मना कर दिया, इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन का अहंकार और भ्रष्टाचार कितना बढ़ गया है।

**रवि त्रिपाठी**
**परीक्षार्थी आरईटी 2024-25**

मैंने शिकायत रिसीव कर संबंधित विभाग को जवाब देने के लिए कहा है, उनकी तरफ से जवाब आ जाए फिर देखते हैं।

**डॉ. गौरी शंकर महापात्र, नोडल अधिकारीइंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय** अमरकंटक

## खबर संक्षेप



### गंगा सप्तमी पर हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी में लगाई आस्था की डुबकी

**अमरकंटक।** पवित्र वैशाख माह के शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि गंगा सप्तमी के पावन पुण्य अवसर पर हजारों भक्त श्रद्धालुओं ने पतित पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा नदी के रामघाट उत्तर एवं दक्षिण तट पुष्कर बांध कपिला संगम आरंडी संगम में हजारों भक्त श्रद्धालुओं ने तीर्थ यात्रियों ने आस्था की पुण्य डुबकी लगाई अपने को कृतार्थ किया। भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा सुबह से ही स्नान ध्यान डुबकी लगाई जाने का क्रम शुरू हो गया है जो समाचार लिखे जाने तक निरंतर चल रहा है। भक्त श्रद्धालु तीर्थयात्री गण पतित पावनी मां नर्मदा जी के उद्गम स्थल मंदिर में लाइन लगाकर दर्शन पूजन अर्चन कर रहे हैं नर्मदा मंदिर में दर्शन करने वालों की तादाद हजारों की है उस हिसाब से सुरक्षा बल न होने के चलते भक्त श्रद्धालु गणों थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नर्मदा मंदिर प्रशासन द्वारा समय-समय पर उद्घोषणा कर जानकारी दी जा रही है। दोपहर 12ः तक लगभग 50 हजार से भी अधिक भक्त श्रद्धालुओं ने स्नान डुबकी लगा कर पूजन अर्चन दर्शन कर लिया है।

### लगातार 200 दिन विद्युत उत्पादन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई सम्मानित



**चचाई।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 5 ने 1.10.2024 से 18 4.2025 तक लगातार 200 दिन विद्युत उत्पादन करते हुए उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन किया है। इस दौरान इकाई ने 99.78 परसेंट पी ए एफ, 98.09 प्रतिशत पी एल एफ एवं 8.98% ऑक्सिलरी खपत कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के उपलक्ष में मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) मिलिंद भान्दक्कर ने हर्ष व्यक्त करते हुए ताप विद्युत गृह के अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। 660 मेगावाट इकाई के कार्यों का अवलोकन मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) मिलिंदभान्दक्कर ने विद्युत गृह चचाई के मुख्य अभियंता तनवीर अहमद, मुख्य अभियंता सिविल पी सी निवारे एवं मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता एस सी घोष के साथ चचाई में स्थापित होने वाली 660 मेगावाट क्षमता की सुपरक्रिटिकल इकाई के 33 केवी स्विच यार्ड 220 केवी एवं ईसीआर बिल्डिंग के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए अभियंताओं एवं ठेकेदारों को समय सीमा में कार्य पूरा करने हेतु निर्देशित किया।

### केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री आयेंगी अमरकंटक

**अनूपपुर।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर 05 मई को शाम 5 बजे मण्डला जिले से अमरकंटक के लिए प्रस्थान करेंगी एवं रात्रि 9 बजे सर्किट हाऊस अमरकंटक पहुंचेंगी व अमरकंटक में रात्रि विश्राम करेंगी। अमरकंटक में 06 मई को प्रातः 8 बजे मां नर्मदा मंदिर में पूजन करेंगी। दोपहर 12 बजे अमरकंटक से सर्किट हाऊस सतना, जिला सतना के लिए प्रस्थान करेंगी तथा शाम 6 बजे सर्किट हाऊस सतना पहुंचेंगी।

# ग्रामों में स्वास्थ्य सुविधा का नया अध्याय

## अदाणी फाउंडेशन अनूपपुर ने मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट सेवा का किया





हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।

जिले के अदाणी फाउंडेशन की सकारात्मक सामाजिक पहल के अंतर्गत आज अदाणी पावर अनूपपुर थर्मल एनर्जी एम.पी. प्रा. लि. के परियोजना क्षेत्र में ग्रामीणों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने हेतु मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट (**MHCU**) का शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण सेवा का उद्घाटन दिलीप जायसवाल, राज्यमंत्री, कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार), मध्यप्रदेश शासन द्वारा किया गया। मोबाइल हेल्थ यूनिट ग्रामीणों के लिए वरदान - अपने संबोधन में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह मोबाइल हेल्थ यूनिट ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान सिद्ध होगी। इससे छतई, उमरदा, गुलिदान्ड और कोठी पंचायतों के निवासियों को अपने ही गाँव में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श प्राप्त होंगे, जिससे उन्हें दूरस्थ अस्पतालों तक नहीं जाना पड़ेगा और समय व धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने इस जनकल्याणकारी प्रयास के लिए अदाणी फाउंडेशन का धन्यवाद किया और संस्था की सामाजिक प्रतिबद्धता की सराहना की। मिलेगा निशुल्क जांच और परामर्श - अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि यह मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट नियमित रूप से चयनित ग्रामों में जाकर लोगों को निःशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराएगी। संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में निरंतर काम कर रही है और आने वाले समय में और भी विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन इस क्षेत्र में किया जाएगा। गौरतलब है की यह पहल ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिससे हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

# पुलिस अधीक्षक अनूपपुर की युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल

## अनूपपुर में पहली बार फिजिकल की तैयारी का प्लेटफार्म हो रहा उपलब्ध

अनूपपुर।



पुलिस अधीक्षक अनूपपुर की पहल पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में फिजिकल की तैयारी का कैंप प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय युवाओं को पुलिस एवं सेना में भर्ती होने के लिए शारीरिक परीक्षा के मापदंडों के अनुसार तैयारी करने की निः शुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। युवाओं को निर्धारित मापदंड के अनुसार तैयारी करने के लिए मार्गदर्शन मिल सकेगा। अनूपपुर जिला एक ग्रामीण बाहुल्य जिला होने से इस प्रकार की सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं थी। जिसकी आवश्यकता को समझते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा शुरुआत की गई है। इस पहल से अनूपपुर जिले के अधिक से अधिक युवा लाभान्वित होंगे। ट्रेनिंग कैंप की शुरुआत की आवश्यक तैयारी करने में रामचंद्र यादव जिला खेल प्रशिक्षक, दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वयक, खेलन प्रसाद कोल खेल एवं युवा कल्याण विभाग अनूपपुर, रक्षित निरीक्षक ज्योति दुबे, प्रधान आरक्षक गौतम सिंह बघेल, आरक्षक हीरेंद्र गुर्जर राघवेंद्र गौतम आरक्षक अभय, योगेंद्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही। परेड ग्राउंड पुलिस लाइन बरबसपुर मे प्रति दिन प्रातः 06:00 से 09:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंसूरी, एस डी ओ पी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, सभी पत्रकार बंधु, पुलिस लाइन के कर्मचारी एवं शिक्षक अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# जिला जेल में 273 बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

## आयोजित शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञ भी रहे उपस्थित



अनूपपुर।

शनिवार 3 मई को मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुरश्रीमती माया विश्वलाल की उपस्थिति में, जिला जेल अनूपपुर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती चौनवती ताराम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा, न्यायाधीश बॉबी सोनकर, जिला विधिक सहायता अधिकारी ब्रजेश पटेल, जेल अधीक्षक इन्द्रदेव तिवारी, की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य परीक्षण टीम द्वारा महिला एवं पुरूष बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें बंदियों का ब्लड प्रेशर, शूगर, टी.बी., एच.आई.व्ही., कैंसर, की जांच हेतु ब्लड सेम्पल लिए गए। साथ ही हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, कुष्ठ सलाहकार, जनरल मेडिशन, सर्जीकल विशेषज्ञ, एनॉटामी, एवं नर्सिंग ऑफिसर्स द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मेंसिविल सर्जन डॉ श्रीमती एस बी अवधिया, जेल चिकित्सा अधिकारी डॉ एस सी राय, स्त्री रोग विशेषज्ञ श्रीमती अल्का तिवारी, मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. एन.पी. मांझी, नेत्र रोग विशेष डॉ. जे.के. सारीवान, सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. साकेत कौशिक, दंत चिकित्सक डॉ. अंजली सिंह राठौर, जनरल मेडिसिन डॉ. ओजसिंह, पैथोलॉजी डॉ. आदित्य जायसवाल, एनॉटानी डॉ. प्रवीण कुमार भारती, कुष्ठ सलाहकार डॉ. शिवेन्द्र द्विवेदी, नर्सिंग ऑफीसर प्रभा सिंह राठौर, सरिता तिवारी, प्रियंका बसेने, पिंकी चौधरी, फार्मासिस्ट विपिन कुमार, लेब टेक्निशियन भाईलाल पटेल एवं मिथलेश राठौर की भूमिका उल्लेखनी रही। शिविर में 273 बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ पैनल लायर एवं लीगल एड डिफेंस के अधिवक्तागण द्वारा विधिक जानकारी तथा बंदियों को उनके प्रकरण की यथा स्थिति से अवगत कराया गया।

# एमबी पावर ने स्थानीय रोजगार को दी मजबूती

### अनूपपुर प्लांट में लगभग 275 स्थानीय युवाओं की नियुक्ति

**अनूपपुर।** एमबी पावर (मध्यप्रदेश) लिमिटेड ने जैतहरी तहसील स्थित लहरपुर गांव में स्थित अपने पावर प्लांट के आसपास के गांवों से लगभग 275 युवाओं को रोजगार देकर स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। यह नियुक्तियां विभिन्न विभागों में की गई हैं, जिनमें अकुशल श्रमिकों से लेकर आईटीआई पास तकनीशियन, स्नातक और परास्नातक डिग्री धारकों तक को शामिल किया गया है। इस विविधता से कंपनी की मजबूत स्थानीय मानव संसाधन संरचना तैयार करने की प्रतिबद्धता झलकती है।प्रत्यक्ष नियुक्तियों के साथ ही कंपनी ने कई स्थानीय विक्रेताओं और ठेकेदारों के साथ भी साझेदारी की है, जिससे क्षेत्र में कई परिवारों के लिए आय के नए स्त्रोत उत्पन्न हुए हैं।अपनी विस्तार रणनीति के तहत एमबी पावर आने वाले वर्षों में अपनी वर्तमान क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है। इस विस्तार को समर्थन देने के लिए कंपनी ने आसपास के गांवों से और अधिक लोगों को रोजगार देने का संकल्प लिया है, ताकि पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध हो और स्थानीय अर्थव्यवस्था में सतत योगदान दिया जा सके।स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कंपनी के विकास चरण को समर्थन दिया है और इसे क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला कदम बताया है। हिंदुस्तान पावर में एवीपी – मानव संसाधन, सुबोध सिंह ने कहा, “एमबी पावर में हम हमेशा उन क्षेत्रों के विकास के लिए कार्य करते हैं, जहां हम कार्यरत हैं। हमने हमेशा स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी है, जिन्होंने हर कदम पर हमारा साथ दिया है। हमें खुशी है कि क्षेत्र में समग्र प्रगति हो रही है और जैसे-जैसे आवश्यकता होगी, हम और लोगों को रोजगार देते रहेंगे।”समुदाय-आधारित विकास और समावेशी प्रगति पर केंद्रित एमबी पावर एक जिम्मेदार संस्था और क्षेत्रीय विकास की सहायक शक्ति बनी हुई है।

# टाउनशिप में बिजली चोरी पर एसईसीएल विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई दो इलेक्ट्रिक फोरमैन निलंबित




**अनूपपुर।** जिले के एसईसीएल की कॉलोनियों में बिजली चोरी के प्रकरणों पर विजिलेंस डिपार्टमेंट ने सख़्ती दिखाई है। प्रदीप कुमार शर्मा फोरमैन इंचार्ज तथा हरजेश चंद्र शर्मा सहायक फोरमैन पर कार्यवाही हुई है। अवैध विद्युत कनेक्शन की शिकायत पर कंपनी के जमुना-कोतमा क्षेत्र के दो इलेक्ट्रिक फोरमैन को एरिया प्रबंधन ने निलंबित कर दिया है। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से एरिया के जमुना टाउनशिप में लगातार अवैध बिजली कनेक्शन की शिकायतें प्राप्त हो रही थी बताया जाता है कि टाउनशिप में अवैध रूप से रह रहे लोग तथा कार वाशिंग तथा अन्य कई दुकानदार आदि अवैध कनेक्शन का उपयोग कर एसईसीएल को करोड़ों का चुना लगा रहे थे। इनसे खदानों की विद्युत सप्लाई लाईन भी प्रभावित होती थी। इस प्रकार की शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए सतर्कता विभाग ने सभी संचालन क्षेत्रों को पॉवर ऑडिट कर वास्तविक विद्युत आवश्यकता को परखने का निर्देश दिया था साथ ही अवैध कनेक्शनों को तत्काल प्रभाव से बंद करने तथा जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कारवाई के निर्देश जारी किए थे। एसईसीएल विजिलेंस टीम के कड़े रूख से सभी संचालन क्षेत्रों ने अवैध बिजली कनेक्शनों पर तत्काल एक्शन लेना शुरू कर दिया है।

।।श्री गणेशाय नमः।।
श्री गुजरात ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
फुटकर एवं थोक विक्रेता
CERA
ग्रेनाईट शेरा ब्राण्ड उत्तम क्वालिटी कम दामों में उपलब्ध
संपर्क करें 7742294629 7440984713
पता- तहसील कार्यालय के पास, जैतहरी रोड़, अनूपपुर